(1)

# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 38वीं बैठक दिनाँक 29 नवम्बर, 2018 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 38वीं बैठक दिनाँक 29 नवम्बर, 2018 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 गया प्रसाद, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री जितेन्द्र पाल सिंह, मा0 विधायक | सदस्य |
| 3. | डा0 अनीता लोधी राजपूत, मा0 विधायक | सदस्य |
| 4. | श्री राजकुमार त्यागी, कृषि उद्योगपति | सदस्य |
| 5. | श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 6. | श्री ए0के0 सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 7. | श्री एस0के0 अग्निहोत्री, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ। (प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 8. | डा0 ए0के0 सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मेरठ। (निदेशक पशुपालन के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 9. | श्री शैलेन्द्र, उप कृषि निदेशक, मेरठ मण्डल, मेरठ। (कृषि निदेशक, कृषि निदेशालय के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 10. | डा0 आर0के0 गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ। (प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 11. | श्री अवध नारायण, वित्त नियंत्रक | सचिव |

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक द्वारा मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया।

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

G. Prasad
प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 38.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 37वीं बैठक दिनाँक 10 सितम्बर, 2018 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा दिनाँक 10 सितम्बर, 2018 को सम्पन्न 37वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। मा0 प्रबन्ध परिषद की 37वीं बैठक दिनांक 10 सितम्बर, 2018 के बिन्दु संख्या–37.5 पर विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को CAS के अन्तर्गत प्रौन्नत पदनाम एवं वेतनमान अनुमन्य करने के प्रस्ताव में सूची के क्रम संख्या–15 पर वर्णित ई0 दीपक कुमार मिश्रा, एस0एम0एस0/सहायक प्राध्यापक, कृषि अभियंत्रण विभाग की एम0टेक0 की डिग्री के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय को प्राप्त शिकायत के क्रम में मा0 अध्यक्ष/कुलपति महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि ई0 दीपक कुमार मिश्रा, एस0एम0एस0/सहायक प्राध्यापक, कृषि अभियंत्रण विभाग को CAS के अन्तर्गत प्रदान किया गया प्रौन्नत पदनाम एवं वेतनमान विश्वविद्यालय के कार्मिक अनुभाग के पत्र संख्या सवप/2018/का0अनु0/7020 दिनांक 04.10.2018 के माध्यम से स्थगित करते हुए प्रकरण पर एक कमेटी का गठन कर दिया गया है, साथ ही सम्बन्धित विश्वविद्यालय से पत्राचार भी किया जा रहा है। प्रकरण पर कमेटी की रिपोर्ट प्राप्त करते हुए प्रकरण को मा0 प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))**

**प्रस्ताव संख्या 38.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 37वीं बैठक दिनाँक 10 सितम्बर, 2018 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

**(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)**

G. Prasad
प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

**प्रस्ताव संख्या 38.3 : कॉलेज ऑफ बेसिक साईस एण्ड ह्यूमिनीटीज के लिए निर्मित भवन में कॉलेज ऑफ शुगरकेन साईस एण्ड टैक्नालॉजी की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ0प्र0 शासन के साथ दिनांक 20.06.2018 को हुई बैठक में दिये गये निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत नवनिर्मित स्थापित कालेज ऑफ शुगरकेन साईस एण्ड टैक्नोलॉजी का संचालन कालेज आफ बेसिक साईस एण्ड हयूमिनीटीज के लिये निर्मित भवन में कराये जाने के संबंध में प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))**

**प्रस्ताव संख्या–38.4: विश्वविद्यालय में मुख्यालय, मेरठ पर कार्यरत शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत प्रोन्नत पदनाम एवं वेतनमान अनुमन्य करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय में मुख्यालय, मेरठ पर कार्यरत शिक्षकों को कैरियर एडवासमेंट स्कीम (CAS) के अर्न्तगत कुछ विभागों के साक्षात्कार एवं असेस्मेंट प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। जिसके सम्बन्ध में कैरियर एडवासमेंट स्कीम (CAS) से सम्बन्धित लिफाफे मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किये गये। सभी लिफाफे मा0 प्रबन्ध परिषद के समक्ष खोले गये तथा सर्वसम्मति से अनुमोदित किये गया। कार्मिक विभाग द्वारा प्रेषित हस्ताक्षरित सूची निम्नवत संलग्न हैः–

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))**

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

6.ML.

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

कैरियर एडवासमेंट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत मुख्यालय, मेरठ पर कार्यरत वैज्ञानिकों/ शिक्षकों को अनुमन्य करने पर Screening cum evaluation उपरान्त निम्न प्रकार स्वीकृति प्रदान की गयी –

| SN | Name | Present Designation | Subject | Present Pay Scale & Grade Pay | Recommendation of Selection committee | | | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Designation | Grade Pay | Date of Award pay Scale & Grade Pay | |
| 01 | Dr. Mukesh Kumar | Assoc Professor | Horticulture | Rs.37400-67000 (AGP 9000) | Professor | Rs.37400-67000 (AGP 10000) | 25-07-2018 | |
| 02 | Dr. Dhirendra Kumar Singh | Assoc Professor | Livestock Production Management | Rs.37400-67000 (AGP 9000) | Professor | Rs.37400-67000 (AGP 10000) | 19-09-2018 | |
| 03 | Dr. Amit Kumar | Assoc Professor | Livestock Production Management | Rs.37400-67000 (AGP 9000) | Professor | Rs.37400-67000 (AGP 10000) | 07-10-2018 | |
| 04 | Dr. Satya Prakash Yadav | Assoc Professor | Animal Husbandry | Rs.37400-67000 (AGP 9000) | Professor | Rs.37400-67000 (AGP 10000) | 07-08-2018` | |
| 05 | Dr Yogesh Kumar | Asstt. Professor | Soil Science | 15600-39100 (AGP8000) | Associate Professor | Rs.37400-67000 (AGP 9000) | 24-03-2018 | |
| 06 | Dr. Ashok Kumar | Assistant Director/Assistant Professor | Soil Science | 15600-39100 (AGP8000) | Associate Director/ Associate Professor | Rs.37400-67000 (AGP 9000) | 22-03-2018 | |
| 07 | Dr. Virendra Kumar Singh | Asstt. Professor | Agricultural Extension & Communication | 15600-39100 (AGP8000) | Associate Professor | Rs.37400-67000 (AGP 9000) | 24-03-2018 | |
| 08 | Dr. Sanjay Kumar Tripathi | SMS/Assistant Professor | Horticulture | 15600-39100 (AGP8000) | Associate Director/ Associate Professor | Rs.37400-67000 (AGP 9000) | 29-03-2018 | |
| 09 | Dr. Arvind Kumar | Assistant Director/Assistant Professor | Horticulture | 15600-39100 (AGP8000) | Associate Director/ Associate Professor | Rs.37400-67000 (AGP 9000) | 22-03-2018 | |
| 10 | Dr. Koushlesh Ranjan | Assistant Professor | Veterinary Physiology & Biochemistry | 15600-39100 (AGP6000) | Assistant Professor | 15600-39100 (AGP7000) | 12-03-2018 | |
| 11 | Dr. Mahesh Kumar Bharti | Assistant Professor | Veterinary Physiology & Biochemistry | 15600-39100 (AGP6000) | Assistant Professor | 15600-39100 (AGP7000) | 21-10-2018` | |
| 12 | Dr. Ahmad Fahim | Assistant Professor | Livestock Production Management | 15600-39100 (AGP6000) | Assistant Professor | 15600-39100 (AGP7000) | 01-09-2018 | |
| 13 | Dr Ajit Kumar | Assistant Professor | Animal Nutrition | 15600-39100 (AGP6000) | Assistant Professor | 15600-39100 (AGP7000) | 10-10-2018 | |
| 14 | Dr. Prem Sagar Maurya | Assistant Professor | Veterinary Parasitology | 15600-39100 (AGP6000) | Assistant Professor | 15600-39100 (AGP7000) | 11-12-2017 | |

29/11/18

**प्रस्ताव संख्या–38.5: विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यरत वैज्ञानिकों को कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत प्रोन्नत पदनाम एवं वेतनमान अनुमन्य करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यरत वैज्ञानिकों को कैरियर एडवासमेंट स्कीम (CAS) के साक्षात्कार एवं असेस्मेंट प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। जिसके सम्बन्ध में कैरियर एडवासमेंट स्कीम (CAS) से सम्बन्धित लिफाफे मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किये गये। सभी लिफाफे मा0 प्रबन्ध परिषद के समक्ष खोले गये तथा अनुमोदित किया गया। कार्मिक विभाग द्वारा प्रेषित हस्ताक्षरित सूची निम्नवत संलग्न हैः–

श्री ए0के0 सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन तथा वित्त नियंत्रक द्वारा महालेखाकार की आपत्ति एवं आईसीएआर के परिपत्र संख्या F.No. ZPD/2(2)/ Budget /10/1535 दिनांक 30.03.2011 एवं आई0सी0ए0आर0 के पत्र संख्या F.No. A.Ext. 7/7/2016-AE-II दिनांक 15.03.2018 एवं उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 1046/67–कृशिअ–14–1500(20)/14 दिनांक 03 जुलाई, 2014 के अनुरूप न होने के कारण मा. प्रबंध परिषद की 36वीं बैठक के प्रस्ताव सं. 36.6 तथा मा. प्रबंध परिषद की 37वीं बैठक के प्रस्ताव सं. 37.6 की तरह अपनी आपत्ति व्यक्त की गयी। इस संदर्भ में मा0 कुलपति/अध्यक्ष द्वारा उक्त को लागू करने हेतु सम्बन्धित तथ्य मा0 प्रबन्ध परिषद की 36वीं बैठक में प्रस्तुत किये जा चुके है। कार्मिक विभाग द्वारा प्रेषित हस्ताक्षरित सूची निम्नवत संलग्न हैः–

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))**

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

(6)

कैरियर एडवासमेंट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यरत वैज्ञानिकों /शिक्षकों को अनुमन्य करने पर Screening cum evaluation उपरान्त निम्न प्रकार स्वीकृति प्रदान की गयी –

| SN | Name | Present Designation | Subject | Present Pay Scale & Grade Pay | Recommendation of Selection committee | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Designation | Pay Scale & Grade Pay | Date of Award pay Scale | Remark |
| 1 | Dr P L. Rawat | Associate Director (KVK) | Horticulture | Rs.37400-67000 (AGP 9000 | Professor(KVK) | Rs.37400-67000 (AGP 10000 | 25-01-2013 | |
| 2 | Dr. Reena Chaddha Sethi | Associate Director (KVK) | Home Science | Rs.37400-67000 (AGP 9000 | Professor(KVK) | Rs.37400-67000 (AGP 10000 | 17-09-2015 | |
| 3 | Dr. Sarita Joshi | Associate Director (KVK) | Home Science | Rs.37400-67000 (AGP 9000 | Professor(KVK) | Rs.37400-67000 (AGP 10000 | 22-10-2014 | |
| 4 | Dr. Shakuntala Gupta | SMS/Assistant Professor(KVK) | Home Science | 15600-39100 (AGP8000) | Associate Director/ Associate Professor | Rs.37400-67000 (AGP 9000 | 09-12-2015 | |
| 5 | Dr. Savita Arya | SMS/Assistant Professor(KVK) | Home Science | 15600-39100 (AGP8000) | Associate Director/ Associate Professor | Rs.37400-67000 (AGP 9000 | 29-04-2013 | |

29/11/18

**प्रस्ताव संख्या–38.6: डा0 रविन्द्र कुमार, प्राध्यापक, जैव प्रौद्योगिक महाविद्यालय की पूर्व में की गयी सेवा अवधि को पेंशन हेतु जोड़ने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

डा0 रविन्द्र कुमार, प्राध्यापक, जैव प्रौद्योगिक महाविद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ की इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में दिनांक 07.01.1995 से दिनांक 06.01.2004 तक सहायक प्राध्यापक के पद पर एवं दिनांक 07.01.2004 से दिनांक 18.04.2005 तक सह प्राध्यापक पद पर की गयी सेवा को जोड़ने की अनुमति देते हुए प्रकरण को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने का प्रस्ताव उ0प्र0 शासन को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करने के लिए मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

(कार्रवाई: कुलसचिव (कार्मिक))

**प्रस्ताव संख्या–38.7: विद्वत परिषद की 68वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विद्वत परिषद की 68वीं बैठक दिनाँक 26 ~~सितम्बर~~ नवम्बर, 2018 की संस्तुतियों को निम्नवत अनुमोदित किया गया:–

1. विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 68वीं बैठक के बिन्दु संख्या–1–Staff Welfare Fund Generation से सम्बन्धित प्रस्ताव पर विचार करते हुए मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मपत्ति से सहमति प्रदान की गयी।

2- विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 68वीं बैठक के बिन्दु संख्या–9–अन्य प्रस्ताव–2–सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अधीन कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यरत Programme Assistant/Farm Manager/Programme

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

प्रोफेसर गया प्रसाद

Assistant (Computer) कर्मचारियों की प्रमोशन पालिसी लागू किये जाने के प्रस्ताव के सम्बन्ध में आई0सी0ए0आर0, नई दिल्ली से नियम एवं परिनियम प्राप्त कर मा0 प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत मा0 प्रबन्ध परिषद की स्वीकृति के उपरांत आई0सी0ए0आर0 से अनुमोदन के उपरांत लागू किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या–38.8ः श्रम न्यायालय एवं श्रम से सम्बन्धित विश्वविद्यालय के वादों हेतु श्री अमित शर्मा, अधिवक्ता के स्थान पर श्री के0के0 गुप्ता, अधिवक्ता को विश्वविद्यालय का अधिवक्ता नियुक्त करने से सम्बन्धित प्रस्ताव।**

श्री अमित शर्मा, अधिवक्ता द्वारा विश्वविद्यालय के वादों से सम्बन्धित कार्यों को करने से मना करने के उपरांत श्री अमित शर्मा के स्थान पर श्री के0के0 गुप्ता, अधिवक्ता को श्रम न्यायालय व श्रम से सम्बन्धित वादों में विश्वविद्यालय का अधिवक्ता नामित करते हुए वादों का भुगतान पूर्व में माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा पारित आदेश के अनुसार प्रतिवाद रू0 8000/– (रू0 आठ हजार मात्र), अग्रिम धनराशि के रू0 5000/– (रू0 पांच हजार मात्र) तथा शेष धनराशि रू0 3000/– (रू0 तीन हजार मात्र) वाद निस्तारित होने पर देय के अतिरिक्त पत्रावली दाखिल करने हेतु व्यय रू0 1600/– (रू0 एक हजार छह सौ मात्र) अनुमन्य किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))**

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

<u>अन्य बिन्दुः–</u>
<u>प्रस्ताव संख्या–38.9 :</u>

**विश्वविद्यालय के कार्मिक अनुभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के सम्बन्ध में** मा0 अध्यक्ष/कुलपति महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि डा0 पुष्पेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, कृषि जैव प्रौद्योगिकी विभाग, कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के अवकाश से सम्बन्धित शेष उपार्जित अवकाशों का भुगतान कर दिया गया है।

डा0 पुष्पेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, कृषि जैव प्रौद्योगिकी विभाग, कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद की 19वीं बैठक के प्रस्ताव–08 के सम्बन्ध में एक कमेटी गठित कर इस विषय पर विश्वविद्यालय द्वारा पहले लिये गये निर्णयों को जांचकर उ0प्र0 शासन को भेज दिया जाये।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))**

**मा0 अध्यक्ष/कुलपति महोदय द्वारा** श्री निखिल त्यागी, अधिवक्ता को विश्वविद्यालय के वादों से सम्बन्धित कार्यों को सम्पादित कराने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिस पर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मपति से कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–38.8 की भांति ही श्रम न्यायालय व श्रम से सम्बन्धित वादों में विश्वविद्यालय के अधिवक्ता पैनल में नामित करते हुए निर्धारित की गयी दरों के अन्तर्गत भुगतान अनुमन्य किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))**

Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

G. Prasad
प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स. व. प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

(अवध नारायण)
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद
Comptroller
S.V.P.U.A. & T.
Meerut-250 110

अनुमोदित

(डा0 गया प्रसाद)
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद
प्रोफेसर गया प्रसाद
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ. वि. वि. मेरठ